कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

smc
Moneywise. Be wise.

प्रमुख खबरें

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने हाल ही में पहली तिमाही के अमेरिकी जीडीपी उत्पादन और उपभोक्ता खर्च में वृद्धि में संशोधित कमी का हवाला देते हुए 2022 में संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए वृद्धि दर पूर्वानुमान को जून के अंत में 2.9% से घटाकर 2.3% कर दिया है।
- मई में भारत का औद्योगिक उत्पादन 19.6% बढ़ा है। मैनुफैक्चरिंग क्षेत्र का उत्पादन 20.6%, खनन उत्पादन 10.9% बढ़ा और बिजली उत्पादन 23.5% बढ़ा है।
- जून में भारत ने एक साल पहले के 17 टन की तुलना में 49 टन सोने का आयात किया है। मूल्य के हिसाब से जून में सोने का आयात एक साल पहले के 96.9 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2.61 अरब डॉलर का हो गया है। लेकिन, 2022 की पहली छमाही में आयात घटकर 335 टन रह गया, जो पिछले साल समान अवधि में 493 टन हुआ था।
- राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जून में चीन में प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन एक साल पहले की तुलना में 3.2% बढ़कर 3.39 मिलियन टन हो गया।
- यूएसडीए ने 2022/23 में वैश्विक स्तर पर कपास उत्पादन माह-दर-माह 1.2 मिलियन गांठ को घटाकर 120 मिलियन गांठ से थोड़ा से अधिक कर दिया है जो अमेरिकी उत्पादन में उल्लेखनीय गिरावट और ब्राजील में मामूली गिरावट के कारण किया गया है।
- मलेशियन पॉम ऑयल बोर्ड के अनुसार, जून के अंत तक मलेशिया में पॉम तेल का स्टॉक 8.8% बढ़कर 1.66 मिलियन टन हो गया, जबकि उत्पादन उम्मीद से कम रहा है।
- भारत का कोयला आयात जून में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। भारत स्थित आई-एनर्जी के आंकड़ों से पता चलता है कि थर्मल कोयले के आयात में 40% की वृद्धि हुई, जबकि कोकिंग कोयले के आयात में 23% की वृद्धि हुई।
- जून महीने में भारत के तेल आयात में रूस का हिस्सा बढ़कर लगभग 950,000 बैरल प्रति दिन के रिकॉर्ड पर पहुंच गया है।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	08.07.22	14.07.22	बदलाव (%)
मक्का	2008.00	2312.00	15.14%
सीसेम सीड	12575.00	13315.00	5.88%
जीरा	21935.00	22835.00	4.10%
कॉटनऑयलसीडकेक	2506.00	2602.00	3.83%
धान	4589.00	4723.00	2.92%

MCX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	08.07.22	14.07.22	बदलाव (%)
नेचुरल गैस	483.10	527.90	9.27%
मेंथा ऑयल	1012.80	1015.90	0.31%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	08.07.22	14.07.22	बदलाव (%)
कैस्टर सीड	7468.00	7270.00	-2.65%
स्टील	53620.00	52250.00	-2.56%
कैस्टर तेल	1515.00	1479.50	-2.34%
कपास	1657.50	1621.00	-2.20%
जौ	3168.50	3115.50	-1.67%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	08.07.22	14.07.22	बदलाव (%)
कच्चा तेल	8093.00	7396.00	-8.61%
तांबा	660.80	614.60	-6.99%
जिंक	278.90	264.10	-5.31%
चांदी	57131.00	55035.00	-3.67%
एल्युमीनियम	211.40	204.15	-3.43%

साप्ताहिक समीक्षा

यह कमोडिटीज के लिए काफी उठापटक वाला सप्ताह रहा, जिसमें हमने डॉलर इंडेक्स में जोरदार तेजी देखी, जिसका असर कमोडिटीज की कीमतों पर पड़ा। एनर्जी काउंटर में कच्चे तेल की कीमतें 7272 के निचले स्तर पर पहुंच गई जबकि नेचुरल गैस की कीमतों में निचले स्तर से रिकवरी हुई। रूस द्वारा नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन रखरखाव पूरा करने के बाद व्यापारियों के बीच निर्णय को लेकर अनिश्चितता के कारण यूरोपीय नेचुरल गैस की कीमतों में बढ़ोतरी हुई क्योंकि पाइपलाइन दस दिनों के लिए नियोजित कार्यों के लिए बंद थे। लेकिन जर्मनी ने चिंता व्यक्त की है कि रूस बाद में लिंक को पूरी तरह से सेवा में वापस नहीं कर सकता है। वैश्विक बाजारों में आर्थिक मंदी के बारे में आशंका बढ़ने के कारण तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई। डब्ल्यूटीआई कच्चे तेल की कीमतें मंगलवार को 8% लुढ़क गई। जून महीने के दौरान अमेरिकी उपभोक्ता कीमतों में 9% से अधिक की वृद्धि- चार दशक में नए उच्च को चिह्नित करते हुए-ने व्यापारियों को सतर्क रखा क्योंकि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ईंधन की कीमतें कम करने के लिए बाजार में आपातकालीन तेल भंडार जारी करने और अपनी क्षमता के भीतर सब कुछ करने का वादा किया है। जून में चीन में कच्चे तेल का दैनिक आयात जुलाई 2018 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया। डॉलर इंडेक्स के उच्चतम स्तर पर बरकरार रहने और मंदी के डर के बीच चीन के आंकड़ों के अनुमान से कमजोर रहने के कारण बेस मेटल की कीमतें लुढ़क गई। चीन में अत्यधिक संक्रामक सबवेरिएंट के प्रकोप पर लगाम लगाने के लिए कई चीनी शहरों में लॉकडाउन लगाए जाने से मांग को लेकर निवेशकों की चिंता के कारण बेस मेटल की कीमतों पर दबाव पड़ा। यूरोपीय आयोग ने कथित तौर पर मुद्रास्फीति के रिकॉर्ड स्तर की भविष्यवाणी की और 2022 और 2023 के लिए अपने आर्थिक विकास के पूर्वानुमान को कम कर दिया। शीर्ष उत्पादक चीन, जहां स्मेल्टर उत्पादन में तेजी ला रहे हैं, से आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद में एल्युमीनियम की कीमतें एक साल से अधिक समय में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गईं। ट्रेजरी की यील्ड में बढ़ोतरी और डॉलर में मजबूती के कारण बुलियन काउंटर फिसल गया । जून में अमेरिकी मुद्रास्फीति के आसमान छूने वाले आंकड़ों के बाद फेडरल रिजर्व इस महीने ब्याज दरों में अधिक आक्रामक बढ़ोतरी की संभावना से बुलियन की मांग को लेकर आउटलुक को लेकर भय के कारण कीमतों पर दबाव पड़ा। आंकड़ों से पता चलता है कि जून में अमेरिकी मुद्रास्फीति आसमान छू रही है और अमेरिकी वार्षिक उपभोक्ता मूल्य जून में 9.1% उछल गया, जो चार दशकों में सबसे तेज उछाल है।

कृषि कमोडिटीज में, कैस्टरसीड की कीमतों में गिरावट देखी गई। एसईए का अनुमान है कि 2021-22 में भारत में अरंडी का उत्पादन 16.94 लाख टन हुआ है जो पिछले साल के अनुमानित उत्पादन 17.56 लाख टन से 62,000 टन कम है। सामान्य मॉनसून से ग्वार की कीमतों में गिरावट हुई है। जीरा की कीमतों में भी उच्च स्तर से गिरावट हुई है। निर्यात मांग और कम उत्पादन अनुमान के कारण वर्तमान में जीरा की कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 65% अधिक हैं । मसाला उद्योग की ओर से मांग में सुधार की उम्मीद है जबकि आवक स्थिर रहेगी। बाजार भाव ज्यादा होने के कारण इस सीजन में प्रोसेसर और व्यापारी अपनी जरूरत के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं। महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे उत्पादक राज्यों में बुवाई गति पकड़ रही है।

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	08.07.22	14.07.22	(%)
जौ	जयपुर	3,150.00	3,100.00	-1.59
चना	दिल्ली	4,855.75	4,921.30	1.35
धनिया	कोटा	12,086.65	12,184.20	0.81
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	1,081.60	1,100.75	1.77
गुड़	मुजफ्फरपुर	1,262.20	1,255.85	-0.50
ग्वारसीड	जोधपुर	5,200.30	5,276.50	1.47
ग्वारगम	जोधपुर	9,862.95	9,995.75	1.35
जीरा	ऊंझा	21,959.40	22,510.80	2.51
सरसों	जयपुर	6,897.95	6,901.10	0.05
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	1,280.00	1,270.00	-0.78
सोयाबीन	इंदौर	6,312.30	6,206.80	-1.67
हल्दी	निजामाबाद	8,120.50	8,009.80	-1.36
गेहूं	दिल्ली	2,309.15	2,331.65	0.97
कॉटन	कड़ी	44,221.05	43,264.90	-2.16
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	2,700.30	2,751.55	1.90

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	08.07.22	14.07.22	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	2,436.50	2,336.50	-4.10
तांबा	LME	नकद	7,805.50	7,170.00	-8.14
लेड	LME	नकद	1,917.50	1,833.50	-4.38
निकल	LME	नकद	21,581.00	19,402.00	-10.10
जिंक	LME	नकद	3,099.00	2,875.00	-7.23
सोना	COMEX	अगस्त	1,742.30	1,705.80	-2.09
चांदी	COMEX	सितम्बर	19.24	18.23	-5.22
लाइट क्रूड	NYMEX	अगस्त	104.79	95.78	-8.60
नेचुरल गैस	NYMEX	अगस्त	6.03	6.600	9.38

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	08.07.22	14.07.22	बदलाव (%)
सोयाबीन	CBOT	नवम्बर	13.96	13.41	-3.94
सोया तेल	CBOT	दिसम्बर	60.49	55.78	-7.79
कॉटन	ICE	दिसम्बर	95.63	83.71	-12.46
सीपीओ	BMD	सितम्बर	4,157.00	3,668.00	-11.76

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	08.07.22 क्वांटिटी	14.07.22 क्वांटिटी	अंतर
बाजरा	मी.टन	50	40	-10
जौ	मी.टन	20	20	0
कैस्टर सीड	मी.टन	45,101	44,466	-635
धनिया	मी.टन	10,198	10,198	0
कॉटनऑयलसीडकेक	मी.टन	37,088	31,310	-5778
ग्वारगम	मी.टन	15,830	15,908	78
ग्वारसीड	मी.टन	23,632	22,556	-1076
जीरा	मी.टन	5,783	5,600	-183
मक्का	मी.टन	0	0	0
सोयाबीन	मी.टन	243	214	-29
हल्दी	मी.टन	4,994	5,198	204

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	08.07.22 क्वांटिटी	14.07.22 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	2,563.75	2,154.52	-409
तांबा	मी.टन	1,870,117.00	2,229,751.00	359634
सोना	किग्रा	456.00	456.00	0
सोना गिनी	किग्रा	14,096.00	14,096.00	0
सोना मिनी	किग्रा	129,000.00	129,000.00	0
लेड	किग्रा	497.79	405.52	-92
निकल	किग्रा	0	0	0
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	44,488.68	41,728.22	41578
जिंक	मी.टन	149.92	104.94	105

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 08.07.22	स्टॉक की स्थिति 14.07.22	अंतर
एल्युमीनियम	353,175	340,300	-12,875
तांबा	135,350	130,975	-4,375
निकल	65,718	63,630	-2,088
लेड	39,350	39,250	-100
जिंक	83,025	82,200	-825

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद* भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	जीरा	अगस्त	22835.00	11.05.22	तेजी	2120.00	21150.00	-	21500.00
NCDEX	ग्वारसीड	अगस्त	5230.00	30.05.22	मंदी	6000.00	-	5390.00	5400.00
NCDEX	**कैस्टरसीड**	**अगस्त**	**7270.00**	**14.07.22**	**तेजी**	**7270.00**	**6950.00**	**-**	**6900.00**
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	अगस्त	2602.00	04.04.22	मंदी	3200.00	-	2720.00	2750.00
MCX	रबर	जुलाई	-	-	–	-	-	-	-
MCX	**कॉटन**	**जुलाई**	**41350.00**	**14.07.22**	**मंदी**	**41350.00**	**-**	**44310.00**	**44350.00**
MCX	मेंथा ऑयल	जुलाई	1015.90	23.05.22	मंदी	1080.00	-	1057.00	1040.00
MCX	बुलडेक्स	जुलाई	13875.00	05.07.22	मंदी	14300.00	-	14530.00	14200.00
MCX	चांदी	सितम्बर	55035.00	23.06.22	मंदी	59504.00	-	59000.00	58500.00
MCX	सोना	अगस्त	50228.00	05.07.22	मंदी	52000.00	-	51550.00	51650.00
MCX	मेटलडेक्स	जुलाई	16548.00	23.06.22	साइडवेज	1796.30	16500.00	17800.00	-
MCX	तांबा	जुलाई	614.60	13.06.22	मंदी	770.00	-	695.00	645.00
MCX	लेड	जुलाई	168.45	25.04.22	मंदी	187.00	-	179.00	178.00
MCX	जिंक	जुलाई	264.10	13.06.22	मंदी	315.00	-	298.00	282.00
MCX	एल्युमिनियम	जुलाई	204.15	13.06.22	मंदी	225.00	-	218.00	220.00
MCX	कच्चा तेल	जुलाई	7595.00	23.06.22	मंदी	8222.00	-	8750.00	8800.00
MCX	नेचुरल गैस	जुलाई	527.90	23.06.22	मंदी	494.80	-	542.00	545.00

*14/07/2022 का बंद भाव

नोट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी। उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।
2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए, जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

कच्चा तेल (अगस्त) एमसीएक्स



कैस्टरसीड (अगस्त) एनसीडीईएक्स

लेड (जुलाई) एमसीएक्स

कच्चा तेल (अगस्त) एमसीएक्स

एमसीएक्स में कच्चा तेल (अगस्त) कॉन्ट्रैक्ट 14 जुलाई 2022 को 7396.00 रू पर बंद हुआ। 14 जून 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 9227.00 रू के उच्च स्तर पर था। 14 जुलाई 2022 को 7108.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्य 36.826 है। 7800.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 7200.00 रू के टारगेट के लिए 7600.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

कैस्टरसीड (अगस्त) एनसीडीईएक्स

एनसीडीईएक्स में कैस्टरसीड(अगस्त) कॉन्ट्रैक्ट 14 जुलाई 2022 को 7270.00 रू पर बंद हुआ। 30 जून 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 7592.00 रू के उच्च स्तर पर था जबकि 20 जून 2022 को 7166.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 37.599 है। 6980.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 7650.00 रू के टारगेट के लिए 7200.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

लेड (जुलाई) एमसीएक्स

एमसीएक्स में लेड(जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 14 जुलाई 2022 को 168.45 रू पर बंद हुआ। 06 जून 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 185.45 रू के उच्च स्तर पर था। 14 जुलाई 2022 को 166.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 25.699 है। 162.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 172.00 रू के टारगेट के लिए 165.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

मिले-जुले फंडामेंटल के कारण हल्दी वायदा (अगस्त) की कीमतों के एक दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है। पिछले सप्ताह कीमतें उच्च स्तर पर बरकरार रहने में सफल नही हो सकी और उच्च स्तरों पर बिकवाली के दबाव के कारण 8060 के स्तर के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ा। कीमतों को 7700 के स्तर पर सपोर्ट दिख रहा है। वर्तमान में, तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र में बुवाई की अच्छी प्रगति की रिपोर्ट से कीमतों की बढ़त पर रोक लग रही है जबकि निर्यात मांग में भी सुधार हो रहा है। पिछले साल किसानों को अधिक कीमत मिलने के कारण इस सीजन में बुवाई अच्छी रहने की उम्मीद है। बेहतर निर्यात के बावजूद इस वर्ष के उच्च स्तर से कीमतों में लगभग 32% की गिरावट हुई है । वाणिज्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई 2022 में हल्दी का निर्यात मई 2021 के 13600 टन की तुलना में 26% बढ़कर 17137 टन हो गया है। जनवरी-मई 2022 की अवधि में, निर्यात पिछले साल की समान अवधि के 64050 टन की तुलना में 5.5% बढ़कर 67650 टन हो गया है ।

जीरा वायदा (अगस्त)की कीमतें पिछले सप्ताह 3 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई और लगातार चौथे सप्ताह बढ़कर बंद हुई। घरेलू और निर्यात मांग में सुधार की उम्मीद से कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। सपोर्ट 22050 के स्तर पर देखा जा रहा है जबकि रेजिस्टेंस 23500 के स्तर पर है। अगर कीमतें 22600 से नीचे आती हैं, तो आगे भी गिरावट दर्ज कर सकती है। उंझा में जीरे की आवक पिछले दिनों के 9,000 बैग की तुलना में 8,000 बैग (1 बैग = 55 किलोग्राम) रहा है। वर्तमान में, कम उत्पादन अनुमान और व्यापारियों के पास कम स्टॉक पर कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 65% अधिक हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मई 2022 में जीरा का निर्यात पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 28% कम होकर 14900 टन हुआ है, जबकि 2022 के पहले 5 महीनों में निर्यात पिछले साल के 1.2 लाख टन की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 48% घटकर 68668 टन रह गया।

मसाला उद्योगों की लगातार मांग के कारण धनिया वायदा (अगस्त) की कीमतें लगातार तीसरे सप्ताह बढ़त के साथ बंद हुई जबकि आवक सीमित रही है। कीमतों को 11900 के स्तर पर सपोर्ट जबकि 12960 के स्तर पर रेजिस्टेंस है। यदि कीमतें रेजिस्टेंस को पार करती है, तो 13300 की ओर बढ़ने की क्षमता रखती हैं। बाजार सूत्रों के मुताबिक, आयातित धनिया का स्टॉक अब कम है और घरेलू धनिया की कीमतों में तेजी आई है। नए सीजन की शुरुआत के बाद से, अनुमान से कम उत्पादन के कारण धनिया की कीमतें बढ़ रही हैं। वर्तमान में कीमतें कम निर्यात के बावजूद कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 83% अधिक हैं। कम निर्यात के कारण कीमतों में अप्रैल के उच्च स्तर से लगभग 20% की गिरावट हुई है, लेकिन अब मांग में सुधार और आपूर्ति में कमी के कारण इस महीने लगभग 15% की रिकवरी हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मई 2022 में धनिया का निर्यात मई 2021 के 4000 टन की तुलना में 4.7% कम होकर 3800 टन रह गया है जबकि जनवरी-मई के दौरान निर्यात पिछले साल के 23,750 टन की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 20.4% घटकर 18,900 टन रह गया।

अन्य कमोडिटीज

कॉटन वायदा (जुलाई) की कीमतों को मजबूत रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि बुवाई के मौसम के दौरान अधिक उत्पादन और आयात के कारण उपलब्धता में सुधार की उम्मीद में विक्रेता अधिक कीमतों पर बिकवाली कर रहे हैं। रेजिस्टेंस 44300 के स्तर पर है जबकि सपोर्ट 40300 के स्तर पर है। कीमतों के 40000 के स्तर तक साइडवेज कारोबार करने की उम्मीद है। आने वाले हफ्तों में, कपास के उत्पादन क्षेत्रों में मौसम की स्थिति और बुवाई के आंकड़ों से कीमतों की दिशा तय होगी । अमेरिका में मौसम की चिंता और पंजाब में जल्दी बोई गई कपास की फसल में कीटों के हमले के कारण कीमतों को समर्थन मिल सकता है। गुजरात और महाराष्ट्र में भारी बारिश की खबर है जिससे कपास की खड़ी फसल प्रभावित हो सकती है। 8 जुलाई को कपास का रकबा पिछले साल के 84.6 लाख हेक्टेयर के बराबर है। गुजरात में 11 जुलाई तक कपास का रकबा 11.4% बढ़कर 20.53 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले वर्ष 18.43 लाख हेक्टेयर था। अपनी नवीनतम मासिक रिपोर्ट में, यूएसडीए ने कम खपत के पूर्वानुमान के कारण 2022/23 के लिए वैश्विक स्तर पर कपास के शेष बचे स्टॉक को 82.77 मिलियन गांठ से माह-दर-माह बढ़ाकर 84.26 मिलियन गांठ कर दिया।

ग्वारसीड वायदा (अगस्त)की कीमतें पिछले सप्ताह 3 सप्ताह के उच्च स्तर पर पहंच गई लेकिन दबाव में कारोबार करना जारी रखा। मौसम विभाग द्वारा सामान्य मानसून की रिपोर्ट के बाद से कीमतों में पहले ही 23% से अधिक लुढ़क चुकी है। अब कीमतों को 5150 पर सपोर्ट और 5450 के स्तर पर रेजिस्टेंस है। अगर कीमतें रेजिस्टेंस से ऊपर बनी रहती है तो 5600 तक बढ़ सकती है क्योंकि राजस्थान में भारी बारिश से ग्वार की फसल को नुकसान हो सकता है। 13 जुलाई को राजस्थान में ग्वार का रकबा 204% ल/ल बढ़कर 13.30 लाख हेक्टेयर हो गया, जो पिछले साल 4.40 हेक्टेयर था। बेहतर निर्यात के बावजूद 2022 के उच्च स्तर से कीमतों में लगभग 25% की गिरावट हुई है। मई 2022 में ग्वारगम का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 44.7% बढ़कर 37750 टन हो गया है, जबकि जनवरी-मई 2022 के दौरान निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 23% बढ़कर 1.46 लाख टन हुआ है जो पिछले वित्त वर्ष में 1.19 लाख टन था।

कोविड स्थितियों के कारण चीन से निर्यात की कम मांग की खबरों से अरंडी वायदा (अगस्त) की कीमतों पर पिछले सप्ताह दबाव रहा। कीमतों को 7040 के स्तर पर सपोर्ट जबकि 7600 के स्तर पर रेजिस्टेंस दिखाई दे रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि बुवाई की धीमी प्रगति और व्यापारियों के पास घटते स्टॉक के कारण कीमतें सपोर्ट और रेजिस्टेंस के दायरे में कारोबार कर सकती है। वर्तमान में, अच्छी निर्यात मांग और कम कैरी-ओवर स्टॉक के कारण कीमतें वर्ष-दर-वर्ष लगभग 35% अधिक हैं। निर्यात के मोर्चे पर, मई 2022 में अरंडी का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 49.5% बढ़कर 31,150 टन हो गया, जबकि 2022 में पहले 5 महीनों में कुल निर्यात भी 1.52 लाख टन के मुकाबले 3% बढ़कर 1.57 लाख टन हो गया। इसी तरह, मई 2022 में अरंडी तेल निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 3.3% बढ़कर 76300 टन हो गया, जबकि इस सीजन में निर्यात कीमतों में 43% की वृद्धि हुई थी।

मेंथा तेल वायदा (जुलाई) की कीमतें लगातार दूसरे सप्ताह दबाव में रही क्योंकि फसल कटाई का मौसम नजदीक आने के कारण इसे 1025 के स्तर के करीब रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ रहा है। कीमतों को 990 के स्तर पर सपोर्ट है । यदि सपोर्ट स्तर से नीचे बनी रहती है तो 950 रू तक फिसल सकती है। मेंथा आम तौर पर मार्च-अप्रैल के आसपास बोया जाता है और जून-जुलाई में कटाई के लिए तैयार हो जाता है।

सर्राफा

डॉलर के मजबूत होने से सोने की कीमतों में लगातार पांचवे हफ्ते गिरावट हुई है। कुल मिलाकर डॉलर के उल्लेखनीय प्रदर्शन और अमेरिकी ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी की आशंकाओं ने बुलियन की मांग को प्रभावित किया। इस हफ्ते सोने की कीमतों में लगभग 2% की गिरावट हुई है। लेकिन ऐसा लगता है कि सोने की कीमतें 1700.00 डॉलर से ऊपर एक अस्थायी आधार बनाने की कोशिश कर रही है। डॉलर हाल ही में 20-वर्ष के उच्च स्तर पर बरकरार है, जिससे विदेशी निवेशकों के बीच सोने की मांग कुछ कम हुई है। तकनीकी स्तर परं, सोना अभी भी कमजोर दिख रहा है, जिसमें नीचे की ओर गिरावट का जोखिम हैं। फेड के दो सबसे आक्रामक नीति निर्माताओं ने हाल ही में कहा है कि उन्होंने इस महीने अमेरिकी केंद्रीय बैंक की नीति बैठक में फिर से ब्याज दर में 75- बेसिस प्वाइंट की वृद्धि का समर्थन किया था, न कि इससे बड़ी दर वृद्धि का, जैसे कि कारोबारी अनुमान लगा रहे है। उच्च ब्याज दरों और अधिक बॉन्ड यील्ड ने गैर-यील्ड वाले बुलियन को रखने की अवसर लागत बढ़ा दी। बेंचमार्क अमेरिकी 10-वर्षीय ट्रेजरी पैदावार सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन कम हो गई। सोने की निवेश मांग कमजोर हो रही है और दरों में बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद से सोना दबाव में रहेगा। दूसरी ओर, चांदी की कीमतों में लगभग 4.9% की गिरावट हुई है, जो लगातार सातवीं साप्ताहिक गिरावट है। तकनीकी मोर्चे पर, कॉमेक्स पर सोने की कीमतों ने नरमी के रूझान के पैटर्न का गठन किया है, जहां कीमतों को 1740 डॉलर पर रेजिस्टेंस के साथ 1650 डॉलर पर सपोर्ट रह सकता है। इस सप्ताह, सोने की कीमतों में नरमी के रुझान के साथ कारोबार जारी रह सकता है, जहां यह 49600 रू के पास सपोर्ट ले सकता है और 51500 रू के पास रेजिस्टेंस का सामना कर सकता है। चांदी में भी नरमी का रूझान देखने को मिल सकता है, जहां कीमतों को 52800 के स्तर पर सपोर्ट और 56800 के पास रेजिस्टेंस रह सकता है।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

पिछले सप्ताह तेल की कीमतों में गिरावट जारी रही, क्योंकि निवेशकों ने इस महीने के अंत में अमेरिकी ब्याज दर में एक बड़ी वृद्धि की संभावना पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे मुद्रास्फीति को रोका जा सकता है लेकिन साथ ही साथ तेल की मांग को भी प्रभावित कर सकता है। दोनों बेंचमार्क कॉन्ट्रैक्ट की कीमतें 21 फरवरी के बाद से अपने उस निम्नतम स्तर पर पहुंच गई जहां वह रूस के यूक्रेन पर आक्रमण करने से एक दिन पहले 23 फरवरी को थी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व 40 साल से भी अधिक समय से सबसे अधिक मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए फेड 26-27 जुलाई को अपनी आगामी नीति बैठक में दर में 100 बेसिस प्वाइंट की वृद्धि कर सकता है। फेड द्वारा दरों में बढ़ोतरी बैंक ऑफ कनाडा के द्वारा दरों में भारी बढ़ोतरी, जिसने बाजार को चौंका दिया, के नक्शेकदम पर किए जाने की संभावना है। पश्चिमी प्रतिबंधों और लीबिया में आपूर्ति में व्यवधान के बीच रूस से कच्चे और रिफाइंड उत्पादों के निर्यात में गिरावट के बावजूद मंदी की चिंताओं के कारण तेल की कीमतों में पिछले दो हफ्तों में गिरावट हुई हैं। डॉलर इंडेक्स 20 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जिससे गैर-अमेरिकी खरीदारों के लिए तेल की खरीद अधिक महंगी हो गई। अत्यधिक संक्रामक वैरिएंट के नए मामलों पर लगाम लगाने के लिए कई चीनी शहरों में कोविड-19 प्रतिबंध लगाने की चिंताओं से भी तेल की कीमतों पर दबाव पड़ रहा है। इस सप्ताह में, कच्चे तेल में उच्च स्तर से बिकवाली जारी रह सकती है जहां इसे 7280 के स्तर के पास सपोर्ट मिल सकता है और 8200 के स्तर के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है। नेचुरल गैस में ज्यादा उतार-चढ़ाव की उम्मीद है। नेचुरल गैस वायदा बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है क्योंकि मौसम के पूर्वानुमान से कीमतों में तेजी आ रही है और देश के अधिकांश हिस्सों में अभी भी गर्मी की लहर चल रही है। आने वाले सप्ताह में कीमतों में तेजी जारी रह सकती है, जहां इसे 500 के करीब सपोर्ट मिल सकता है और 570 के स्तर के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है।

बेस मेटल

कमजोर आर्थिक विकास और दरों में संभावित बढ़ोतरी के कारण मजबूत डॉलर और कमजोर मांग की आशंका से बेस मेटल की कीमतें नरमी के रूझान के साथ एक दायरे में कारोबार कर सकती हैं । संयुक्त राज्य अमेरिका में 1981 के बाद से सबसे अधिक मुद्रास्फीति से इस महीने दर में अधिक वृद्धि की संभावना बन रही है, जिससे विकास धीमा होने और डॉलर के मजबूत होने की उम्मीद है। शीर्ष धातु उपभोक्ता चीन में आर्थिक विकास दुसरी तिमाही में काफी तेजी से धीमा हो गया और साल-दर-साल 0.4% की वृद्धि हुई और अनुमान से कम रह गई, क्योंकि रिकॉर्ड कोविड मामलों पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक लॉकडाउन ने औद्योगिक गतिविधि और उपभोक्ता खर्च को प्रभावित किया। दूसरी ओर शॉर्ट कवरिंग से तेजड़ियों को कुछ राहत मिल सकती है जबकि लंदन मेटल एक्सचेंज के स्टॉक में तेजी से कमी के कारण कीमतों को समर्थन मिल सकता है। एलएमई गोदामों में जून के अंत में सिर्फ 696,109 टन पंजीकृत धातु थी, जो इस सदी की सबसे कम है। इसलिए बेस मेटल की कीमतों में बढ़ोतरी पर बिकवाली करना अच्छी रणनीति हो सकती है । तांबे की कीमतें 590-635 के दायरे में कारोबार कर सकती है। जून में चीन का तांबा आयात एक महीने पहले की तुलना में 15.5% बढ़कर 537,698 टन हो गया, क्योंकि कोविड-19 लॉकडाउन, जिससे मैनुफैक्चरिंग गतिविधि को नुकसान पहुंचा था, को हटाए जाने के बाद मांग बढ़ी। एल्युमीनियम की कीमतें 194-213 के दायरे में कारोबार कर सकती है। घटती मांग और अधिक आपूर्ति के कारण एल्युमीनियम की कीमतों में गिरावट हो रही है और आगे भी गिरावट संभव है, लेकिन इसके बने रहने की संभावना नहीं है क्योंकि कम मार्जिन के कारण स्मेल्टरों को उत्पादन नही बढ़ाने या उत्पादन में कटौती करने के लिए बढ़ावा मिल रहा है। जिंक की कीमतें 250-275 के दायरे में कारोबार कर सकती है। जिंक बाजार में, एलएमई-पंजीकृत गोदामों में सिर्फ 22,400 टन ऑन-वारंट जिंक उपलब्ध है, जो एक साल पहले लगभग 225,000 टन था और रिकॉर्ड निचले स्तर पर है। लेड की कीमतें 163-173 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

भारत की विवेकपूर्ण तेल आयात नीति..... अतीत से सबक

मास्को द्वारा 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगी देश मास्को को उसकी आक्रामकता के लिए दंडित करने के लिए कम रूसी तेल खरीदने के लिए अन्य देशों को मजबूर कर रहे हैं। ये पश्चिमी देश भी मास्को से कच्चे तेल का व्यापार बंद करने के लिए भारत पर भी लगातार दबाव बना रहे थे। लेकिन आर्थिक आवश्यकता और कम कीमतों पर खरीद, ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं, से लेकर ऊर्जा सुरक्षा को देखते हुए, भारत ने इसके विपरीत काम किया है क्योंकि भारत अतीत की की उन गलतियों को दोहराना नहीं चाहता था, जब ईरान पर प्रतिबंधों का पालन करके भारत ने तेल आयात रोक दिया था, जबकि चीन ने ईरानी तेल की खरीद जारी रखा था।

रूस से कच्चे तेल के आयात में उछाल

यूक्रेन के साथ संघर्ष और अमेरिका एवं यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों के बाद रूस अपने यूराल कच्चे तेल के लिए खरीदारों की तलाश कर रहा था, और उसने रियायती कीमतों पर तेल की पेशकश की थी। भारत, जो रूस से अपनी तेल जरूरतों का लगभग 2% आयात करता था, ने रूस से कच्चे तेल की खरीद नहीं करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों के दबाव को नजरअंदाज कर दिया और रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से अपने आयात को बढ़ाया है। परिणामत:, रूस से आयात में भारी बढ़ोतरी हा रही है। मई में, भारत ने 819,000 बैरल प्रति दिन तेल का आयात किया, जो अप्रैल में 277,000 बैरल प्रति दिन और एक साल पहले 33,000 बैरल प्रति दिन था। सऊदी अरब की जगह रूस अब भारत को दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है, जबकि इराक पहले स्थान पर बना हुआ है।

रूस से तेल आयात का हिस्सा

भारत, अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में तेल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग 85% आयात करता है। यह मध्य पूर्वी देशों से 52.7%, अफ्रीका से 15% और अमेरिका से 14% तेल आयात करता है। पिछले साल उसने रूस से 12 मिलियन बैरल कच्चा तेल खरीदा था, जो उसके कुल आयात का महज 2% है। यह भारत के अपने घरेलू उत्पादन से कम है। रूस से तेल के अधिक आयात से भारत के कुल आयात में रूस का हिस्सा मई के 16.4 प्रतिशत से बढ़कर जून में 19.8% हो गया। जून में रूस से भारत का तेल आयात बढ़कर लगभग 950,000 बैरल प्रति दिन हो गया। किसी अन्य देश ने रूसी तेल के आयात में इतनी वृद्धि नहीं की है।



स्रोत: एसएमसी रिसर्च और भारतीय वाणिज्य मंत्रालय

रूस से आयात में वृद्धि सं इराक से तेल आयात के हिस्से में कमी हुई है। मई से जून में रूस से तेल का आयात 15.5% बढ़ा, जबकि इराक और सऊदी अरब से तेल आयात में क्रमश: 10.5% और 13.5% की कमी हुई है। आंकड़ों से पता चलता है कि मध्य पूर्व की हिस्सेदारी 59.3% से कम हो कर 56.5% रह गई । भारत द्वारा कुल तेल आयात में नाइजीरिया का हिस्सा 8.7% से गिरकर 6.17% हो गया, अमेरिका का हिस्सा 9% से गिरकर 5.77% हो गया, और कुवैत का हिस्सा 7.35% से घटकर 4.51% रह गया।

भारत को लाभ

भारत को होने वाला फायदा अहम हैं। सस्ता रूसी तेल घरेलू बाजार में कम कीमतों पर ईंधन बेचने वाले सरकारी भारतीय रिफाइनरों केघाटे को कम कर रहा है। रूसी तेल मिश्रण यूराल पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल की औसतन कीमतों की तुलना में 36 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था। इसका मतलब है कि भारत ने हर दिन अपने तेल आयात बिल में 27.5 मिलियन डॉलर या मई के महीने में 852 मिलियन डॉलर का प्रभावी रूप से कमी की । यद्यपि छूट अब कम हो रही है, लेकिन भारत ने रूस से तेल आयात करना जारी रखा है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, भारत के सरकारी स्वामित्व वाले तेल प्रोसेसर, इंडियन ऑयल कॉर्प, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम भारत में रूसी कच्चे तेल के लिए छह महीने तक आपूर्ति संपर्कों को सुरक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं।

एसएमसी रिसर्च डेस्क

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।